सांध्य दैनिक

शुक्रवार

वर्षः 19 अंक : 212

06 नवम्बर 2026

पृष्ठ : 8

मूल्य 1.00 रूपये प्रति

प्रकाशन स्थल-देहरादून

RNI NO- UTTHIN/2008/25027

वेबसाईट - www.devpath.in

E-mail: devpath2018@gmail.com

डीएवीपी एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त

देवपथ

पैनी नज़र तीखी जुबां गहरा असर

विकसित भारत का पहला पड़ाव होगा उत्तराखंड :अमित शाह



देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शुक्रवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित उत्तराखंड राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए राज्य के विकास से जुड़ी 1475 करोड़ रुपये की 62 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने उत्तराखंड फिल्म नीति के अंतर्गत घोषित लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार के साथ ही विभिन्न हस्तियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान और मुख्यमंत्री राज्य बाल वीरता पुरस्कार भी प्रदान किए।

भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारों के साथ अपना संबोधन शुरू करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वे गुजरात से आते हैं, जहां यह मान्यता है कि चारधामों के दर्शन किए बिना व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती। आज उन्हें भगवान बदरीविशाल, बाबा केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, सिखों के पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब और कुंभ नगरी हरिद्वार की पावन धरती उत्तराखंड में आने का अवसर मिला है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी ने उत्तराखंड राज्य का निर्माण कर राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को साकार किया, जबकि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड को संवारने का कार्य कर रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का पहला पड़ाव उत्तराखंड ही होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्योत्सव को गौरव, सिद्धि और संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। गौरव इस बात का है कि अटल जी ने उत्तराखंड राज्य का निर्माण किया। सिद्धि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकसित उत्तराखंड के निर्माण की दिशा में हो रहे कार्यों की है, जबकि संकल्प उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण के संरक्षण का है।

उन्होंने कहा कि शौर्य उत्तराखंडवासियों की थाती रही है। नई पीढ़ी को वीरांगना तीलू रौतेली, वीर माधो सिंह भंडारी, विक्टोरिया क्रॉस विजेता दरबान सिंह नेगी और गबर सिंह नेगी, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली तथा जनरल बिपिन रावत के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना होगा।

वर्ष 2022 की तुलना में जीएसडीपी में 50 प्रतिशत की वृद्धि

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उत्तराखंड की विकास यात्रा में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को सम्मानित किया जा रहा है। यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार राज्य की विकास यात्रा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के योगदान को सम्मान देती है।

मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री धामी ने किया 1475.31 करोड़ की 62 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने 06 से 13 नवम्बर तक आयोजित उत्तराखण्ड राज्योत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में 1475.31 करोड़ की 62 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों की 1073.11 करोड़ की 44 योजनाओं का शिलान्यास तथा 402.20 करोड़ की 18 योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं से प्रदेश में सड़क, बिजली, पेयजल, शहरी विकास, शिक्षा, पर्यटन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत ऊर्जा विभाग की यूपीसीएल से संबंधित 472.33 करोड़ की 20 योजनाओं का शिलान्यास तथा 77.93 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इन योजनाओं से प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत संबंधी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार में सहायता मिलेगी।



पेयजल क्षेत्र में पेयजल निगम की 191.17 करोड़ की आठ योजनाओं का शिलान्यास तथा 82.03 करोड़ की पांच योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त जल संस्थान की 62.30 करोड़ की दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आमजन को पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

लोक निर्माण विभाग की 18.78 करोड़ की एक योजना का शिलान्यास तथा 99.68 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण किया गया। शहरी विकास विभाग की 92.25 करोड़ की चार योजनाओं का शिलान्यास एवं 10.95 करोड़ की एक योजना का लोकार्पण किया गया। इनमें आगामी कुम्भ मेला-2027 के दृष्टिगत हरिद्वार में सड़क, पुल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास से संबंधित कार्य भी शामिल हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग की 35.06 करोड़ की एक योजना का शिलान्यास तथा 61.98 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इनमें नई टिहरी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में भवन निर्माण से संबंधित कार्य भी शामिल हैं। पर्यटन विभाग की 43.70 करोड़ की दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा चुनाव तैयारियों की बैठक ली

देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 के दृष्टिगत आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में अधिसूचित किए जाने हेतु सम्बंधित विभाग, कार्यालयों एवं उपक्रमों की बैठक ली। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागों को आवश्यक सेवाओं से जुड़े कार्मिकों की सूची यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों को मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी को तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य है कि मतदान में हर कार्मिक की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

भारी कर्ज से बचने के लिए बना आरपीएफ का फर्जी अधिकारी, दून में गिरफ्तार



देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। भारी कर्ज के दलदल से निकलने और आसान तरीके से पैसे कमाने के लिए एक युवक द्वारा खुद को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का वरिष्ठ अधिकारी बताने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। देहरादून की डोईवाला कोतवाली पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने लच्छीवाला फ्लाईओवर के पास चेकिंग के दौरान एक ऐसे शातिर को दबोचा है जो नीली बत्ती लगी अर्टिगा कार पर आरपीएफ की कैप रखकर खुद को मुरादाबाद मंडल का सहायक सुरक्षा आयुक्त (AC) बताकर लोगों पर रौब झाड़ रहा था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी के इस फर्जीवाड़े की पोल खुल गई जिसके बाद उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। डोईवाला पुलिस और आरपीएफ को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति खुद को रेलवे का बड़ा अधिकारी बताकर इलाके में घूम रहा है और किसी बड़ी ठगी की फिराक में है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने लच्छीवाला फ्लाईओवर के पास रेलवे लाइन के नजदीक घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इस दौरान एक मारुति सुजुकी अर्टिगा कार (रजिस्ट्रेशन नंबर UK 07 HQ 2387) पर नीली बत्ती लगी मिली और डैशबोर्ड पर आरपीएफ की पी-कैप रखी हुई थी। वाहन में सवार व्यक्ति ने खुद को मुरादाबाद मंडल का आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त बताया, लेकिन जब पुलिस ने उससे अधिकारिक पहचान पत्र मांगा तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। मंडल मुख्यालय से तस्दीक करने पर पता चला कि इस नाम का कोई अधिकारी वहां तैनात नहीं है। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी की असलियत सामने आ गई। उसने पुलिस को बताया कि वह उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शिवाला कलां का रहने वाला स्मित कुमार पुत्र राजीव शर्मा है। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था और जल्दी पैसा कमाने के लिए उसने यह खतरनाक रास्ता चुना। वह आरपीएफ के बड़े अधिकारी का रौब दिखाकर चालकों और आने-जाने वाले आम लोगों को डरा-धमकाकर ठगी करने की योजना बना रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नीली बत्ती लगी अर्टिगा कार, आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त की कैप और संबंधित बैच बरामद कर लिए हैं। प्रभावी कार्रवाई के तहत दून पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत आरोपी स्मित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी नीली बत्ती लगी कार को सीज कर दिया गया है और डोईवाला कोतवाली में बीएनएस की धारा 204 और 205 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक इतिहास और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने इस फर्जीवाड़े से पहले किन-किन लोगों को अपना शिकार बनाया है। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

परेड ग्राउण्ड देहरादून में आयोजित हुआ राज्योत्सव कार्यक्रम

देहरादून (नि०स०)। परेड ग्राउण्ड देहरादून में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम




में पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी, श्री विजय बहुगुणा, श्री तीरथ सिंह रावत एवं डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, सांसद श्री अनिल बलूनी, श्री अजय भट्ट एवं श्रीमती बांसुरी स्वराज, कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री गणेश जोशी, श्री मदन कौशिक, श्री खजान दास, श्री सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, श्री राम सिंह कैड़ा, श्री सौरभ बहुगुणा, श्रीमती रेखा आर्य, श्री भरत सिंह चौधरी एवं श्री प्रदीप बत्रा, देहरादून के महापौर श्री सौरभ थपलियाल सहित विधायकगण, विभिन्न दायित्वधारी, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रदेशवासी उपस्थित थे।

ओलंपस हाई ने उत्साह के साथ मनाया 27वां वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2026-27

देहरादून (नि०स०)। ओलंपस हाई ने अपने 27वें वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन बड़े उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया। इस खेल महोत्सव में विद्यालय के जूनियर एवं सीनियर विंग के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जूनियर विंग के समारोह के साथ हुई, जिसमें ध्वजारोहण, गुब्बारे छोड़ने, प्रीफेक्ट्स मार्च पास्ट तथा प्लेग्रुप से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्निवल मार्च पास्ट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नन्हे विद्यार्थियों ने 'आई लाइक हैट्स' शीर्षक से आकर्षक शारीरिक प्रशिक्षण प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इसके बाद ट्रेन रेस, रेस्क्यू रेस, 50 मीटर दौड़, हर्डल रेस, बनी रेस, आइसक्रीम रेस और स्वच्छता मिशन रेस जैसी विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग, 'हनुमान ज्ञान गुण सागर', कराटे प्रदर्शन और कई अन्य गतिविधियां भी शामिल रहीं। अभिभावकों ने भी पेरेंट्स रेस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीनियर विंग के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड राफ्टिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं इंडो गंगा हॉलीडेज प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक किरण भट्ट टोडारिया उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. कुनाल शमशेर मल्ला, प्रधानाचार्या डॉ. अनुराधा पुंडीर मल्ला एवं उप-प्रधानाचार्या अर्चना ने उनका स्वागत किया। समारोह में हेड गर्ल सुहाना डंगवाल और हेड बॉय आदित्य राज सिंह द्वारा विद्यालय के ध्वजों का औपचारिक ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों ने शानदार प्रीफेक्टोरियल मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

कविता चंद ने किलिमंजारो पर बनाया नया भारतीय रिकॉर्ड, 12 घंटे 46 मिनट में फतह की उहुरू चोटी



देहरादून (नि०स०)। माउंट किलिमंजारो की 5,895 मीटर ऊंची चोटी तक पहुंचना ही अपने आप में बड़ी चुनौती है, लेकिन भारतीय पर्वतारोही और मैराथन धावक कविता चंद ने इस चुनौती को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया। उन्होंने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी उहुरू पीक तक पहुंचने और वापस लौटने का पूरा सफर महज 22 घंटे 36 मिनट में पूरा किया। इस उपलब्धि के साथ वह 24 घंटे से कम समय में माउंट किलिमंजारो की चढ़ाई और वापसी पूरी करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। उन्हें चोटी तक पहुंचने में 12 घंटे 46 मिनट लगे। कविता ने म्वेका गेट से अपनी यात्रा शुरू की। वह उहुरू पीक पर पहुंचीं और फिर उसी रास्ते से वापस शुरुआती स्थान पर लौटीं। आमतौर पर माउंट किलिमंजारो की चढ़ाई और वापसी में पांच से नौ दिन का समय लगता है। इसकी वजह सिर्फ पहाड़ की ऊंचाई नहीं, बल्कि वहां की परिस्थितियां भी हैं। ऊंचाई बढ़ने के साथ हवा में ऑक्सीजन कम होती जाती है, इसलिए पर्वतारोहियों को अपने शरीर को वहां के अनुकूल बनाने के लिए समय देना पड़ता है। कविता ने इस चुनौती को बेहद कम समय में पूरा करने के लिए अपनी शारीरिक क्षमता और सहनशक्ति पर लंबे समय तक काम किया था।

चेक बाउंस मामले में छह माह की जेल, 8.55 लाख का जुर्माना

कोटद्वार(आरएनएस)। चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा तिवारी की अदालत ने आरोपी खेम सिंह को छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 8.55 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसमें से 8.50 लाख रुपये परिवादिनी को देने और पांच हजार रुपये राजकोष में जमा करने के आदेश दिए हैं।मोटाढाक निवासी सीमा धनकर ने अदालत में परिवाद दायर कर बताया कि आरोपी खेम सिंह ने मार्च से सितंबर 2020 के बीच उनसे कुल 7.50 लाख रुपये उधार लिए थे। रकम लौटाने के लिए आरोपी ने उन्हें 12 अगस्त 2021 की तारीख का 7.50 लाख रुपये का चेक दिया। परिवादिनी ने 13 अगस्त को चेक बैंक में जमा किया, लेकिन 16 अगस्त को बैंक ने खातेधारक के हस्ताक्षर अलग होने की टिप्पणी के साथ चेक लौटा दिया। इसके बाद परिवादिनी ने आरोपी को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन रकम का भुगतान नहीं हुआ।

अंकिता भंडारी के माता-पिता की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन, केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन किया

देहरादून (नि०स०)। उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के माता-पिता की दिल्ली में हुई गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा हिमांशु पुंडीर के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री के पुतले का दहन करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस द्वारा पुतला छीन कर सभी कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर लिया पुलिस की गिरफ्त से छूटने के बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने फिर केंद्रीय मंत्री का पुतला बनाकर तहसील चौक पर दहन किया। प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अंकिता भंडारी के माता-पिता की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि अपनी बेटी को न्याय दिलाने की मांग कर रहे माता-पिता के साथ इस तरह की कार्रवाई क्यों की जा रही है? उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण में न्याय की मांग कर रहे परिवार की आवाज



को दबाने के बजाय उनकी बात सुनी जानी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब पुलिस ने पुतला दहन करने से पहले ही कार्यकर्ताओं से पुतला छीन लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष युवा हिमांशु पुंडीर सहित सभी प्रदर्शनकारी आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष युवा हिमांशु पुंडीर ने कहा कि अंकिता भंडारी उत्तराखंड की बेटी थी और उसके माता-पिता को अपनी बेटी के लिए न्याय मांगने का पूरा अधिकार है। न्याय की मांग करने वाले माता-पिता की गिरफ्तारी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी और अंकिता के परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिलाने की है, न कि उनकी आवाज को दबाने की। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि जब तक अंकिता भंडारी प्रकरण में न्याय की मांग को गंभीरता से नहीं सुना जाता, पार्टी का विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान हिमांशु पुंडीर के साथ सैकड़ों आप कार्यकर्ता शामिल हुए।

भालू के हमले के सामने नहीं हारी हिम्मत, पोखरी के तीन नन्हे वीरों को मिला राज्य बाल वीरता पुरस्कार-2026



चमोली (प्रदीप लखेड़ा)। जनपद चमोली के पोखरी क्षेत्र के तीन नन्हे बच्चों ने अपनी बहादुरी से पूरे उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। शुक्रवार, 6 नवंबर 2026 को देहरादून में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में तीनों बच्चों को राज्य बाल वीरता पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीरांगना दिव्या, वीरांगना दीपिका और वीर बालक आरव को सम्मानित किया।दरअसल कुछ माह पूर्व पोखरी क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय परिसर में बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक एक विशालकाय जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। इस खतरनाक स्थिति में भी बच्चों ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने शोर मचाकर और पत्थर मारकर भालू का मुकाबला किया तथा एक-दूसरे का हाथ पकड़कर अपने साथियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों के साहस और सूझबूझ के चलते भालू को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। इस साहसिक घटना में उनके साथी छात्र आरव पुंडीर, देवेश और पंकेश की बहादुरी और सूझबूझ भी सराहनीय रही।

आज इन नन्हे वीरों को मिले सम्मान से चमोली जनपद सहित पूरे उत्तराखंड में खुशी की लहर है। इन बच्चों ने साबित कर दिया कि साहस उम्र का मोहताज नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत और सूझबूझ से बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। पहाड़ के इन नन्हे सितारों की बहादुरी आज पूरे प्रदेश के बच्चों के लिए प्रेरणा बन गई है।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल को डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने किया पौधा भेंट

टिहरी (नि०स०)। पर्यावरण संरक्षण संवर्द्धन के संदेश वाहक बनकर जन जन को जागरूक कर रहे वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल व अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी से मुलाकात किया और दीपावली के शुभ अवसर पर उन्हें तुलसी का पौधा उपहार में भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दिया। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल डॉ सोनी के हरे वस्त्र पहनावे से बहुत प्रभावित हुए और कहा आपका ये पहनावा स्वयं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है वहीं अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने डॉ सोनी द्वारा किये



जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा डॉ सोनी का कार्य जन जन को जागरूक करने का हैं। वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने दीपावाली पर जन जन से आह्वान करते हुए कहा हमारा उत्तराखंड में स्वच्छ, सुंदर, प्रदूषण मुक्त आबोहवा हैं हमें इसको बनाकर रखना है बारूद के बने सामग्री का प्रयोग न करें और पटाखे सीमित समय व कम से कम जलाये। अधिक आतिशबाजी से प्रदूषण अधिक फैलता है जिससे आंखों, चर्मरोग, स्वशन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता हैं इन से बचने के लिए हमें बारूद के बने सामग्री का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

नगर आयुक्त आलोक कुमार पाडेय के निर्देश पर त्योहारी सीजन में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष अभियान, शहर के प्रमुख मार्गों पर कराया जा रहा नियमित जल छिड़काव

देहरादून (नि०स०)। त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने और शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नगर निगम देहरादून द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। नगर आयुक्त आलोक कुमार पांडेय के निर्देशों के क्रम में शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, व्यस्त बाजारों एवं धूल प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से जल छिड़काव कराया जा रहा है।

अभियान के तहत पानी के टैंकरों एवं विशेष छिड़काव मशीनों के माध्यम से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही एवं अन्य गतिविधियों के कारण उड़ने वाली धूल को नियंत्रित किया जा सके। इससे वातावरण में धूल के सूक्ष्म कणों का प्रसार कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिलेगी। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्योहारी सीजन के दौरान शहर की वायु गुणवत्ता पर निरंतर नजर रखी जाए और जिन क्षेत्रों में धूल एवं प्रदूषण की समस्या अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर नियमित जल छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यकता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में अतिरिक्त व्यवस्था भी की जा रही है। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे खुले में कूड़ा एवं अन्य अपशिष्ट न जलाएं, निर्माण सामग्री को खुले में न छोड़ें तथा धूल और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों से बचें। साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में नगर निगम का सहयोग करें। नगर आयुक्त आलोक कुमार पांडेय के निर्देशन में नगर निगम देहरादून स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

जंतर-मंतर प्रदर्शन : पुलिस कार्रवाई मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईपावर कमेटी को 1 माह में रिपोर्ट दाखिल करने के दिए निर्देश



नई दिल्ली (आरएनएस)। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर कार्रवाई को लेकर जांच कर रही हाईपावर कमेटी से कहा कि वो 1 महीने में रिपोर्ट दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट के लिए अनिश्चित वक्त तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कमेटी की 31 अक्टूबर की रिपोर्ट सिर्फ अब तक किए गए काम की जानकारी देने वाली रिपोर्ट है। इसमें अभी तक आरोपों पर कोई निष्कर्ष नहीं दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कमेटी अब तक मिले सभी दस्तावेजों और सबूतों की जांच करे और संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करे। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कमेटी खुद को सिर्फ पीड़ितों की शिकायत तक सीमित न रखें। पीड़ितों की ओर से वकीलों और दूसरे लोगों से पेश की गई शिकायतों, वीडियो और दूसरे सबूतों पर भी विचार करें। मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से गठित पूर्व जस्टिस आर सुभाष रेड्डी की पांच सदस्यीय हाईपॉवर्ड कमेटी ने गुरुवार को सीलबंद लिफाफे में स्टेट्स रिपोर्ट पेश की। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि अगस्त में हाईपावर कमेटी का गठन किया गया लेकिन अभी तक प्रगति का पता नहीं चला।

भाजपा के कार्यकर्ता खेत-खलिहान से लेकर सड़क तक राहुल गांधी के प्रोपेगेंडा का जवाब देंगे



करनाल-हरियाणा के करनाल की सड़कों पर जब 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का अंतिम अध्याय शुरू हुआ, तब केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी की राजनीति को जिस अंदाज में कठघरे में खड़ा किया, उसने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। नए भारत के चाणक्य अमित शाह ने अपने सधे हुए राजनीतिक प्रहारों से कांग्रेस की इसी रणनीति को चुनौती दी। उनका संदेश साफ था कि लोकतंत्र में हार का जवाब आरोपों से नहीं, जनता के बीच अपने काम और तर्कों से देना पड़ता है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की लगातार घटती राजनीतिक ताकत पर निशाना साधते हुए अपनी रणनीतियों से विपक्ष को मात देने वाले अमित शाह ने कांग्रेस की लगातार चुनावी हारों की कहानी को ऐसे खोलकर रखा जैसे कोई पुरानी किताब के पन्ने पलट रहा हो। 2007 में राहुल गांधी के कांग्रेस महासचिव बनने के समय पार्टी के पास करीब 1,200 विधायक थे। उपाध्यक्ष बनने तक यह संख्या 900, अध्यक्ष बनने तक 700 और वर्ष 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के समय घटकर लगभग 600 रह गई। यह आंकड़ा कांग्रेस के भीतर नेतृत्व और राजनीतिक दिशा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। एक ओर राहुल गांधी पार्टी में लगातार आगे बढ़ते रहे, तो दूसरी ओर कांग्रेस का जनाधार और राजनीतिक प्रभाव लगातार सिमटता गया। हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र, दिल्ली और अन्य राज्यों के चुनावी नतीजों को इसी राजनीतिक गिरावट की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। शाह ने संसद की गरिमा की भी याद दिलाई। लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच चर्चा का है, भीड़ का नहीं। शाह ने कांग्रेस की उस राजनीतिक कार्यशैली पर भी सवाल उठाए, जिसमें चुनाव जीतने पर जनादेश स्वीकार किया जाता है, लेकिन हार मिलने पर ईवीएम और चुनाव आयोग को निशाना बनाया जाता है। संसद में हंगामा, कार्यवाही का बहिष्कार और फिर सड़कों पर अराजकता फैलाने की कोशिश - यह तरीका लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

राजस्थान में सड़क हादसों का कहर, अजमेर में ट्रेलर ने दो युवकों को कुचला, नागौर में पिता-पुत्र की मौत

जयपुर । राजस्थान के अजमेर जिले में सरवर-केकड़ी रोड पर सूरजपुरा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो युवक ट्रेलर के नीचे फंस गए और करीब 15 से 20 मिनट तक वहीं दबे रहे। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। अधिकारियों के अनुसार, सरवर के रहने वाले तीन युवक सुबह मोटरसाइकिल से केकड़ी जा रहे थे। सूरजपुरा गांव के पास, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। इनमें से दो ट्रेलर के नीचे कुचले गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में मदद की। मृतकों की पहचान सरवर निवासी फारूक अंसारी और मुस्तकीम अंसारी के रूप में हुई है। मुस्तकीम अंसारी एक सरकारी स्कूल में शिक्षक थे। घायल युवक की पहचान सरवर के ही रहने वाले नसरुद्दीन पठान के रूप में हुई है, जो एक पैरा टीचर हैं।

हादसे की सूचना मिलने पर सरवर स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) रामपाल शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बचाव कार्य की निगरानी की और घायल युवक के लिए चिकित्सा सहायता का प्रबंध किया। उसे पहले प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर आगे के इलाज के लिए अजमेर रेफर कर दिया गया।

एक दशक में पांच से बढ़कर 26 शहरों तक पहुंची मेट्रो सेवा: प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में मेट्रो नेटवर्क के तेजी से हुए विस्तार को शहरी परिवहन व्यवस्था में आए बड़े बदलाव का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने मेट्रो संपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में देश के केवल पांच शहरों में मेट्रो सेवा उपलब्ध थी, जबकि अब यह सुविधा 26 शहरों तक पहुंच चुकी है। मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई भी 248 किलोमीटर से बढ़कर करीब 1,200 किलोमीटर हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सामाजिक माध्यम मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि देशभर में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक यात्री मेट्रो से सफर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2014 से पहले की रफ्तार से ही मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होता रहता, तो पुणे जैसे शहरों तक मेट्रो सेवा पहुंचने में कई साल या दशक लग सकते थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की बढ़ती शहरी आबादी और परिवहन संबंधी जरूरतों को देखते हुए पहले की विकास गति पर्याप्त नहीं थी। मेट्रो नेटवर्क का विस्तार केवल आधारभूत ढांचे के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे आम लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। मेट्रो के कारण यात्रियों का समय बच रहा है, सड़कों पर यातायात का दबाव कम हो रहा है और लोगों को अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने का अवसर मिल रहा है। इसके अलावा, बेहतर परिवहन संपर्क से कामकाज की उत्पादकता और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुणे में करीब 21,800 करोड़ रुपये की मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान पुणे मेट्रो की तीसरी लाइन यानी गुलाबी गलियारे का उद्घाटन किया गया।

8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार इस गलियारे की लंबाई करीब 23 किलोमीटर है। यह मान क्षेत्र को जिला न्यायालय मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इस लाइन के शुरू होने से हिंजवड़ी के सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र और शिवाजीनगर के बीच सीधी मेट्रो सुविधा उपलब्ध होगी। इससे सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों सहित हजारों यात्रियों को प्रतिदिन आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर के प्रमुख व्यावसायिक और रोजगार केंद्रों तक पहुंचना आसान होगा।

प्रधानमंत्री ने पुणे मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी। इस चरण को करीब 13,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा। इसके तहत लाइन 2ए, 2बी, 4 और 4ए का निर्माण प्रस्तावित है। योजना के अनुसार, लाइन 2ए वनाज से चांदनी चौक तक जाएगी, जबकि लाइन 2बी रामवाड़ी को विट्ठलवाड़ी से जोड़ेगी। इन दोनों लाइनों की कुल लंबाई करीब 12.75 किलोमीटर होगी।

इसके अलावा, लगभग 25.52 किलोमीटर लंबी लाइन-4 के माध्यम से खराड़ी और खड़कवासला के बीच मेट्रो संपर्क विकसित किया जाएगा। वहीं, 6.12 किलोमीटर लंबी लाइन-4ए नल स्टॉप को माणिक बाग से जोड़ेगी। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद पुणे के मेट्रो नेटवर्क का विस्तार और व्यापक हो जाएगा। इससे शहर के आवासीय क्षेत्रों, व्यावसायिक केंद्रों और सूचना प्रौद्योगिकी केंद्रों के बीच आवागमन अधिक सुगम होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने मेट्रो विस्तार को आधुनिक शहरी परिवहन व्यवस्था, आर्थिक गतिविधियों और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

मोदी कैबिनेट विस्तार के संकेत, रामदास आठवले बोले- जल्द हो सकता है फेरबदल, नए चेहरों और सभी वर्गों को मिलेगी जगह



नई दिल्ली । केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार और फेरबदल के प्रबल आसार नजर आ रहे हैं। एनडीए सरकार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को इसके स्पष्ट संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक आंदोलनों के चलते पहले जो विस्तार संसद के शीतकालीन सत्र से ठीक पूर्व होना तय माना जा रहा था, उसमें थोड़ा विलंब जरूर हुआ है, लेकिन बहुत जल्द कैबिनेट विस्तार होने की पूरी संभावना है। इसके साथ ही आठवले ने महाराष्ट्र की सियासत को लेकर भी बड़ा बयान दिया और कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद पवार ने एनडीए में शामिल होने से पूरी तरह इनकार कर दिया है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने मंत्रिमंडल विस्तार पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि पहले शीतकालीन सत्र से पूर्व इसके होने की प्रबल संभावना थी, लेकिन मौजूदा राजनीतिक व सामाजिक परिस्थितियों और जारी आंदोलनों के चलते समयसीमा में थोड़ा फेरबदल हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विस्तार अब सत्र से ठीक पहले हो पाता है या उसके तुरंत बाद, यह देखना होगा, लेकिन बहुत जल्द कैबिनेट का विस्तार निश्चित रूप से होगा। आठवले ने रेखांकित किया कि आगामी विस्तार में कई नए और ऊर्जावान चेहरों को केंद्रीय टीम में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा सामाजिक संतुलन को साधते हुए सभी जातियों और वर्गों को कैबिनेट में यथोचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

सुप्रिया सुले के मंत्री बनने की अटकलों के बीच शरद पवार पर रुख स्पष्ट

आठवले का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राजनीतिक गलियारों में सांसद सुप्रिया सुले को केंद्र में मंत्री पद दिए जाने और पवार परिवार के एक धड़े के एनडीए के करीब आने की चर्चाएं तेज थीं। हालांकि इन अटकलों पर सुप्रिया सुले की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इन कयासों पर विराम लगाते हुए आठवले ने साफ किया कि शरद पवार एनडीए में आने को बिल्कुल तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अजित पवार तो पहले ही एनडीए और राज्य में महायुति गठबंधन का हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन शरद पवार अपनी पुरानी भूमिका पर अडिग हैं कि वह न तो केंद्र में एनडीए का हिस्सा बनेंगे और न ही महाराष्ट्र में महायुति में शामिल होंगे।

पीएम मोदी और शरद पवार के बीच फोन पर हुई बातचीत, संबंधों पर बोले आठवले

हाल ही में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले पुणे और बाद में मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आठवले ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरद पवार को फोन कर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वरिष्ठ नेता शरद पवार का बेहद आदर करते हैं, उनका मार्गदर्शन लेते रहे हैं और उन्हें एक बड़ा नेता मानते हैं। पीएम द्वारा फोन पर की गई बातचीत पूरी तरह शिष्टाचार और स्वास्थ्य संबंधी चिंता से प्रेरित थी, इसमें कोई राजनीतिक मंशा या सियासी समीकरण शामिल नहीं था। आठवले ने जोड़ा कि यदि शरद पवार एनडीए में शामिल होने का फैसला करते तो उनका भव्य स्वागत होता, लेकिन उन्होंने अपनी स्पष्ट दूरी बनाए रखी है।

सम्पादकीय

बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं इंटरनेट

अदालत ने स्वीकार किया इंटरनेट की वर्तमान स्थिति बच्चों के लिए कतई सुरक्षित नहीं है। यह मानने के बावजूद जजों ने सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी चाइल्ड मोड की सुविधा और माता-पिता की निगरानी पर डाल दी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि बच्चों को भी बालिगों की तरह इंटरनेट के उपयोग का अधिकार है। 'सुरक्षा' के नाम पर इंटरनेट तक उनकी पहुंच रोकी नहीं जा सकती। इस रूप में कोर्ट ने आधुनिक जीवन में इंटरनेट के महत्त्व को रेखांकित किया है। यह सराहनीय है कि कोर्ट ने प्रतिबंध ही सुरक्षा है, जैसी प्रशासनिक सोच को खारिज कर दिया। दरअसल, बच्चों को साइबरस्पेस से बाहर निकालना पीड़ित को ही समस्या मान लेने जैसा है। उचित ही न्यायालय ने इस नजरिए को ठुकरा दिया। इसके बावजूद इस फैसले में कई समस्याएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। खुद अदालत ने स्वीकार किया इंटरनेट की वर्तमान स्थिति बच्चों के लिए कतई सुरक्षित नहीं है। यह मानने के बावजूद जजों ने सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी चाइल्ड मोड की सुविधा और माता-पिता की निगरानी पर डाल दी। यानी सेवा प्रदाता प्लेटफॉर्म कंपनियों को जवाबदेही से पूरी तरह मुक्त कर दिया। कोर्ट ने इन कंपनियों से बाल यौन शोषण सामग्री हटाने को कहा तो है, लेकिन उनके अनिवार्य तकनीकी ऑडिट और सजा का कोई प्रावधान नहीं किया। अदालत की यह राय वाजिब है कि दूरदराज के इलाकों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पास अक्सर सीखने और दुनिया से जुड़ने का एकमात्र माध्यम इंटरनेट ही होता है। लेकिन ऐसी स्थिति में प्लेटफॉर्म कंपनियों की जवाबदेही तय करने का सिस्टम और जरूरी हो जाता है। गरीब परिवारों में माता-पिता अक्सर डिजिटल साक्षर नहीं होते। उनके बच्चे सस्ते स्मार्टफोन के जरिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। डिवाइस सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, और सामग्री फिल्टरिंग के अभाव में इंटरनेट तक पहुंच का अधिकार किस हद तक सशक्तीकरण है, यह सवाल बना रहेगा। वैसे भारत में व्यापक दायरे में भी अधिकार और उसके उपभोग की स्थितियों ने एक विरोधाभास खड़ा कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट पहले निर्णय दे चुका है कि बार-बार इंटरनेट शट-डाइन नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। लेकिन इससे शटडाउन पर रोक नहीं लगी है। भारत सबसे ज्यादा ऐसा शट-डाउन करने वाला देश बना हुआ है। इसीलिए अधिकार की हर न्यायिक घोषणा के व्यावहारिक महत्त्व पर अक्सर नया सवाल उठ खड़ा होता है।

असल सूरत की गलत व्याख्या

सरकार और रेज़ीम एक ही चीज नहीं हैं। सरकार लोगों का एक समूह है, जिसके पास सत्ता होती है। जबकि रेज़ीम नियमों की वो व्यवस्था है, जिसके तहत सत्ता पाई जाती है और उसका संचालन होता है। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त विरोधी वर्तमान आंदोलन 'रेज़ीम चेंज' (शासन-तंत्र में परिवर्तन) के लिए है और इसमें कोई बुराई नहीं है। चूंकि उसके कुछ ही रोज पहले भूषण नेता विपक्ष राहुल गांधी के निवास पर एक बैठक में शामिल हुए थे, इसलिए भाजपा को इस बयान में कांग्रेस को घेरने का मौका नजर आया। यहां तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तक ने इस वक्तव्य को देश में अराजकता फैला कर सत्ता प्राप्त करने की कांग्रेस की कोशिश का प्रमाण बताया। कांग्रेस ने इसका जवाब यह कह कर दिया कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम ही सरकार को बेनकाब करना, विरोध करना और उसे पद से हटाने की कोशिश करना है। मगर राजनीति-शास्त्र के नजरिए से देखें, तो सरकार और शासन-तंत्र एक ही चीज नहीं हैं। इसके मुताबिक सरकार लोगों का एक खास समूह है, जिसके हाथ में सत्ता होती है। जबकि रेज़ीम (शासन-तंत्र) नियमों की वह व्यवस्था है, जिनके जरिए सत्ता हासिल की जाती है और उसका संचालन किया जाता है। इस अर्थ में देखें तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का 2014 में सत्ता में आना रेज़ीम चेंज साबित हुआ है। मोदी तब स्थापित या प्रचलित कायदों के जरिए सत्ता में जरूर आए, लेकिन उनकी सरकार ने सत्ता संचालन की रवायत, संदर्भ बिंदु और अनेक कायदों को बदल डाला है। एक समझ है यह कि ऐसा कर चुकने के बाद वह सत्ता प्राप्त करने के कायदों को बदलने में जुटी हुई है। धारणा बनी है कि निर्वाचन आयोग इसी मकसद को लागू करने की एजेंसी बन गया है। फिलहाल छिड़ा सियासी आंदोलन इसी शिकायत से उपजा है। अत: ताजा बहस में मुद्दा है कि क्या मोदी विरोधी इस आंदोलन के जरिए पुरानी रवायतों को वापस लाने की बात कर रहे हैं या कोई नई व्यवस्था थोपना चाहते हैं? अगर नई व्यवस्था की बात नहीं है (जैसाकि प्रथम दृष्टि में दिखता है), तो वे असल में रेज़ीम चेंज के बजाय रेज़ीम बहाली की बात कर रहे हैं।

दीयों से मनाएँ दीपावली, मिट्टी के दीये जलाएँ

परंपरा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

डॉ. प्रियंका सौरभ

आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। दीपावली जैसे पावन पर्व पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा भी अब सिमटती जा रही है। उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइटों, झालरों और अन्य कृत्रिम रोशनी ने ले ली है। यह बदलाव केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी इसके दूरगामी परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के लिए आवश्यक है कि हम दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने तथा पटाखों से परहेज करने का संकल्प लें।



दीपावली का पर्व मिट्टी के दीयों से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति और आस्था में रचा-बसा त्योहार है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से कार्तिक मास की अमावस्या को दीपोत्सव मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। मिट्टी के दीये जलाना केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति से जुड़ाव का भी प्रतीक है।

पिछले दो दशकों में कृत्रिम रोशनी का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। आधुनिकता की चकाचौंध में हम अपनी पारंपरिक जीवनशैली से दूर होते जा रहे हैं। दीपावली पर बिजली की रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों का प्रयोग बढ़ा है, वहीं तेज आवाज वाले पटाखों ने वायु और ध्वनि प्रदूषण की समस्या को गंभीर बना दिया है। इसका सबसे अधिक प्रभाव पर्यावरण, पशु-पक्षियों, बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ता है।

इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक पक्ष भी है। मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का परंपरागत व्यवसाय धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। एक समय था जब दीपावली आने से कई सप्ताह पहले लोग कुम्हारों को दीयों के ऑर्डर दे दिया करते थे। उनके परिवार के सभी सदस्य दिन-रात मेहनत करके दीये तैयार करते थे। भले ही उनकी आमदनी बहुत अधिक नहीं होती थी, लेकिन अपनी कला और परंपरा को जीवित रखने का उत्साह उनमें अवश्य रहता था।

आज स्थिति बदल गई है। मिट्टी के दीयों की मांग घटने से कुम्हारों का उत्साह भी कम हुआ है। अनेक परिवार अपने पुश्तैनी व्यवसाय से दूर होकर दूसरे रोजगार अपनाने को मजबूर हैं। दीपावली पर अब कई घरों में केवल प्रतीकात्मक रूप से दो-चार मिट्टी के दीये जलाए जाते हैं, जबकि अधिकांश सजावट इलेक्ट्रॉनिक लाइटों और झालरों से की जाती है। हमें यह समझना होगा कि हमारी छोटी-सी पहल किसी कारीगर के परिवार के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। मिट्टी के दीये खरीदकर हम न केवल अपनी संस्कृति को बचाते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों की आजीविका को भी सहारा देते हैं। मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा का अपना अलग सौंदर्य और महत्व है। सरसों के तेल से जलते दीये की लौ मन को एक विशेष शांति और आत्मीयता का अनुभव कराती है। दीये की सादगी और उसकी प्राकृतिक सुंदरता का मुकाबला कृत्रिम रोशनी नहीं कर सकती। मिट्टी के दीये स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक शिल्प से जुड़े होते हैं। हालांकि पर्यावरण संरक्षण के लिए उनका उपयोग करते समय तेल, बाती और अन्य संसाधनों का भी विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। हमारी संस्कृति केवल दीये जलाने तक सीमित नहीं है। इसमें घरों की स्वच्छता, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ बाँटना, पड़ोसियों और जरूरतमंदों को उपहार देना तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखना भी शामिल है। दीपावली का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे घर के साथ-साथ दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला पहुँचे।

आज की युवा पीढ़ी को विशेष रूप से इस दिशा में जागरूक होने की आवश्यकता है। संस्कृति और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्हें चाहिए कि वे इलेक्ट्रॉनिक सजावट के साथ-साथ मिट्टी के दीयों को भी प्राथमिकता दें। विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय संगठनों के माध्यम से मिट्टी के दीयों के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।

दीपावली प्रकाश, प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का पर्व है। इसे प्रदूषण और दिखावे का उत्सव बनाने के बजाय सादगी और संवेदनशीलता के साथ मनाया जाना चाहिए। पटाखों से होने वाला धुआँ और शोर वातावरण को दूषित करने के साथ अनेक जीव-जंतुओं के लिए भी परेशानी का कारण बनता है। इसलिए हमें पटाखों से दूरी बनाकर स्वच्छ और सुरक्षित दीपावली मनाने का प्रयास करना चाहिए।

आइए, इस दीपावली हम सभी संकल्प लें कि अपने घरों में मिट्टी के दीये जलाएँगे, स्थानीय कुम्हारों से दीये खरीदेंगे, पटाखों से परहेज करेंगे और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाएँगे। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति, परंपरा, श्रम और आत्मनिर्भरता के प्रतीक हैं। इन्हें अपनाकर हम अपनी विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुँचा सकते हैं।

कांग्रेस का केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के देहरादून में प्रस्तावित कार्यक्रम के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर काले झंडे दिखाए और 'अमित शाह गो बैक' के नारे लगाए। अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय और दुष्यंत गौतम की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट की ओर कूच किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता नगर कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए। यहां से पैदल मार्च करते हुए एयरपोर्ट की ओर बढ़े। पुलिस ने कुछ दूरी पर ही उन्हें रोक लिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर लालतप्पड़ चौकी पहुंचाया गया।प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि कांग्रेस अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय और दुष्यंत गौतम की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने उन्हें संवैधानिक पद पर बैठा दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश में सरकार की कथित हिटलरशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर अध्यक्ष करतार सिंह ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। सरकार को मामले में पारदर्शी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। जनता की आवाज दबाने के बजाय सरकार को सवालों का जवाब देना चाहिए।

सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स ने दूसरी तिमाही में 417 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और 48.60 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया

देहरादून (नि०स०)। सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने आज वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (जो 30 सितंबर 2026 को समाप्त हुई) के लिए अपने कंसोलिडेटेड रिजल्ट्स घोषित किए। इन परिणामों में कंपनी के एयरोस्पेस और डिफेंस बिज़नेसेस में लगातार वृद्धि देखने को मिली है, जिसे रणनीतिक अधिग्रहणों, नए ऑर्डर मिलने और विनिर्माण कार्यों के विस्तार से बल मिला है।

तिमाही वित्तीय उपलब्धियाँ वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही

कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल रेवेन्यू: 417.07 करोड़ रुपये, जो वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के 374.27 करोड़ रुपये की तुलना में तिमाही-दर-तिमाही लगभग 11.43% अधिक है। कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल एबिटा: 82.28 करोड़ रुपये (मार्जिन 19.73%), जो वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के 61 करोड़ रुपये की तुलना में तिमाही-दर-तिमाही 35.06% अधिक है।

शुद्ध लाभ: 48.60 करोड़ रुपये, जो वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के 35.41 करोड़ रुपये की तुलना में तिमाही-दर-तिमाही लगभग 37.24% अधिक है।

अर्धवार्षिक वित्तीय उपलब्धियाँ

वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में सिग्मा ने 791.34 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल रेवेन्यू, 143.20 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल एबिटा और 84.01 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। वित्त वर्ष 2026 के दौरान कंपनी के कामकाज के दायरे में हुए बड़े विस्तार और इसके बिजनेस स्ट्रक्चर में आए बदलावों को देखते हुए, वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के वित्तीय प्रदर्शन की तुलना सीधे तौर पर वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही से नहीं की जा सकती।

मोहब्बेवाला हादसे में कंटेनर चालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

देहरादून (नि०स०)। मोहब्बेवाला में कार के ऊपर कंटेनर पलटने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों और चालक की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। इस भीषण हादसे से सबक लेते हुए और त्योहार पर यातायात का भारी दबाव देखते हुए पुलिस ने आशारोड़ी बैरियर पर ही बाहरी राज्यों से आने वाले लोडर वाहनों की जांच और चालकों को जागरूक करने का अभियान शुरू कर दिया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर नरेश राठौर ने बताया कि आईटीबीपी रोड स्थित एटलांटिक टॉवर निवासी दीपेश कपूर ने तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि बीते बुधवार को उनकी माता किरन कपूर, बड़े भाई विश्वेश कपूर, भाभी मीशा आनंद कपूर और वाहन चालक नीरज कुमार सहारनपुर से देहरादून स्थित घर आ रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मोहब्बेवाला क्षेत्र में छोटे कंटेनर चालक ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए डिवाइडर चढ़ाकर वाहन उनकी कार पर पलट दिया। दुर्घटना में कार पूरी तरह नष्ट हो गई और चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश राठौड़ ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर जांच एसएसआई मुकेश थलेड़ी को सौंपी गई है। इससे पहले पुलिस ने सड़क की बदहाली को लेकर एनएचएआई और लोनिवि पर भी मुकदमा दर्ज किया हे। हादसे के बाद पुलिस की सतर्कता: दिवाली के त्योहार के चलते दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है। डाटकाली सुरंग से मोहब्बेवाला की ओर आने वाली तीखी ढलान पर दोबारा ऐसा हादसा न हो इसके लिए पुलिस ने आशारोड़ी बैरियर पर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। बैरियर पर ही सभी भारी और लोडर वाहनों को रोककर उनके ब्रेक व तकनीकी स्थिति की जांच करने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही चालकों को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे ढलान पर वाहनों को पूरी तरह नियंत्रित गति और अपनी लेन में ही चलाएं, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके।

लिंगड़ी की भागुली देवी ने दुग्ध उत्पादन में प्रदेश में पाया दूसरा स्थान

चमोली(आरएनएस)। विकासखंड के लिंगड़ी गांव की भागुली देवी ने एक वर्ष में सिमली दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लिमिटेड को 34 हजार 251 लीटर दूध की आपूर्ति की। उन्होंने दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उन्हें सम्मानित किया। सिमली दुग्ध संघ ने भागुली देवी को एक वर्ष में 13 लाख 51 हजार 494 रुपये का भुगतान किया। उन्हें डेढ़ लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी मिली। भागुली देवी ने डेरी व्यवसाय से अपने परिवार की आर्थिकी मजबूत की है। भागुली देवी के पास 21 गाय हैं। वे प्रतिदिन 120 लीटर से अधिक दूध की आपूर्ति करती हैं। सितारगंज में आयोजित आंचल मेला में पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। चमोली दुग्ध संघ ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं लिंगड़ी गांव के प्रधान नरेंद्र बिष्ट ने कहा कि भागुली देवी ने स्वरोजगार से डेरी को बड़ा स्वरूप दिया है। आंचल दुग्ध संघ सिमली के प्रबंधक प्रदीप ध्यानी ने भागुली देवी के प्रयासों की सराहना की।

उत्तरकाशी बाजार में इस बार नहीं सजीं पटाखों की दुकानें, रामलीला मैदान में लगीं

उत्तरकाशी(आरएनएस)। दीपावली पर इस बार उत्तरकाशी मुख्य बाजार पटाखों की दुकानों से मुक्त नजर आ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आतिशबाजी की बिक्री के लिए बाजार के बजाय रामलीला मैदान को निर्धारित किया गया है। यहां पटाखों की दुकानें सज चुकी हैं और लोग दीपावली के लिए आतिशबाजी की खरीदारी भी कर रहे हैं। रामलीला मैदान में कुल 86 पटाखों की दुकानों को लाइसेंस जारी किए गए हैं।अग्निशमन विभाग की ओर से मुख्य बाजार में पटाखों की दुकानें लगाने पर रोक लगाई गई है। निर्धारित स्थल के अलावा बाजार या अन्य स्थानों पर पटाखों की दुकान लगाने की अनुमति नहीं है।

सोनी इंडिया ने लॉन्च किया FXz, इंटरनल रॉ रिकॉर्डिंग और ओपन गेट शूटिंग वाला सिनेमा लाइन कैमरा

देहरादून (नि०स०)। सोनी ने अपनी सिनेमा लाइन सीरीज में नया फुल-फ्रेम कैमरा FXz पेश किया है। इसमें नए सिरे से विकसित फुली स्टैक्ड सीएमओएस इमेज सेंसर है, जो 15 से ज्यादा स्टॉप की डायनेमिक रेंज, डुअल गेन शूटिंग मोड और तीन बेस आईएसओ सेटिंग्स से सेंसिटिविटी परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाता है। सिनेमा लाइन स्नङ्ग सीरीज में पहली बार यह कैमरा ओपन गेट शूटिंग के साथ सोनी के अपने रॉ फॉर्मेट X-OCN में कैमरे के भीतर ही रिकॉर्डिंग सपोर्ट करता है। कैमरा 5च में 60 फ्रेम प्रति सेकंड तक, 4च में 120 फ्रेम प्रति सेकंड तक और एफएचडी में 240 फ्रेम प्रति सेकंड तक शूट कर सकता है। ये खूबियां सिनेमा लाइन के लुक और



प्रोडक्शन की जरूरतों के हिसाब से तैयार ऑपरेबिलिटी को एक कॉम्पैक्ट और आसानी से साथ ले जाने लायक बॉडी में लाती हैं। FXz के साथ सोनी इंडिया ने दो वैकल्पिक एक्सेसरीज भी पेश की हैं: अलग किया जा सकने वाला ओएलईडी व्यूफाइंडर और एक्सएलआर हैंडल, जिससे 96 kHz/32-बिट फ्लोट तक इन-कैमरा ऑडियो रिकॉर्डिंग हो पाती है। इस कैमरा सिस्टम में वह विशेषज्ञता शामिल है, जो सोनी ने सिनेमा लाइन कैमरों के विकास के दौरान हासिल की है। इन कैमरों को दुनियाभर के सिनेमैटोग्राफर्स और वीडियो क्रिएटर्स से खूब सराहना मिली है। सोनी इंडिया में इमेजिंग एंड प्रोफेशनल सॉल्यूशन बिजनेस के हेड मुकेश श्रीवास्तव ने कहा, 'FXz हमारी सिनेमा लाइन सीरीज का सबसे नया कैमरा है, जिसे आज के फिल्ममेकर्स और सिनेमैटोग्राफर्स की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। नए सिरे से विकसित फुल-फ्रेम सेंसर, इंटरनल रॉ रिकॉर्डिंग और स्नङ्ग सीरीज में पहली बार ओपन गेट शूटिंग सपोर्ट के साथ यह क्रिएटर्स को बेजोड़ रचनात्मक लचीलापन और सिनेमाई अभिव्यक्ति देता है। सोनी में हम इमेजिंग टेक्नोलॉजी की सीमाएं आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

सीएम एवं प्रदेश अध्यक्ष संग भाजपा मुख्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया दीपोत्सव!

देहरादून (नि०स०)। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आज हर्षोल्लास के साथ भव्य एवं गरिमामय दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन श्री फणिंद्रनाथ के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। कार्यालय में दीपोत्सव की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश के पूजन-अर्चन से हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री की मौजदगी में कार्यकर्ताओं ने राज्य की सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए लक्ष्मी पूजन में भक्तिभाव से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दीपक जलाया और आतिशबाजी में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दिवाली महोत्सव के कार्यक्रम में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों पर उपस्थित कार्यकर्ता भावविभोर हो उठे। इस दौरान वहां सर्वत्र उल्लास एवं उमंग का माहौल नजर आया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर हर्षोल्लास के साथ दिवाली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं को दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह प्रकाश पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, निरोगी काया और खुशियों के नए-नए रंग लेकर आए। राज्य सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ संकल्पबद्ध है।

ऋषिकेश के फ्लैट में चल रहा था जुआ, 2.20 लाख नकद बरामद

ऋषिकेश, (नि०स०)। उत्तराखंड के ऋषिकेश में आवासीय इलाके के एक फ्लैट के अंदर गुप्त रूप से अवैध जुए का खेल चलाया जा रहा था, जिस पर दून पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा है। पुलिस ने मौके से 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 2 लाख 20 हजार से अधिक की नकदी तथा ताश की गड्डियां बरामद की हैं। यह कार्रवाई कोतवाली ऋषिकेश क्षेत्र के अंतर्गत भारत विहार इलाके में की गई, जहां एक आरोपी अपने ही फ्लैट में यह अवैध कारोबार संचालित कर रहा था। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली ऋषिकेश की पुलिस टीम ने भारत विहार स्थित संबंधित फ्लैट पर अचानक दबिश दी। पुलिस को अंदर देख हड़कंप मच गया और मौके पर मौजूद लोग इधर-उधर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी 8 आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान मौके से जुए



में लगाई गई 2,20,650/- रुपये की नकदी, ताश के पत्तों की 04 गड्डियां (कुल 208 पत्ते) और विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में सामने आया कि इनमें से एक आरोपी का अपना फ्लैट था, जहां यह पूरा खेल चल रहा था। घटना के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ऋषिकेश में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान राहुल (निवासी बैराज रोड), अरविंद कुमार (निवासी मनीराम रोड, देहरादून), विवेक (निवासी शिवाजी नगर), प्रशांत कुमार (निवासी भारत विहार), प्रवीण (निवासी विस्थापित क्षेत्र), गगन बर्तवाल (निवासी भारत विहार), सुधीर कांत (निवासी आवास विकास) और एकांत गोयल (निवासी भारत विहार, ऋषिकेश) के रूप में हुई है। पुलिस अब इनके पिछले आपराधिक इतिहास और अन्य संपर्कों की भी जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोभाल के सख्त निर्देशों के बाद पूरे जिले में सत्यापन अभियान और सघन चेकिंग तेज कर दी गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन जोशी, चौकी प्रभारी श्यामपुर उपनिरीक्षक कविन्द्र राणा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

ऊषा उत्थुप के ओजस्वी व जोश-जुनून वाले गीत-गायन से 'चहका और महका विरासत

देहरादून (नि०स०)। पन्द्रह दिवसीय विरासत महोत्सव-2026 के 15 दिन आज पूरे हो गए हैं ङ्घ आज के इस अंतिम दिवस की सांस्कृतिक संध्या-ए-महफिल जमकर जहां धूम मचाने वाली रही, वहीं लोकप्रिय व विश्व विख्यात उषा उत्थुप के कई गीतों और गायन की अद्भुत तथा लोकप्रिय अनेक भाषा शैली से ओत-प्रोत गानों एवं तरानों से 'विरासत की महफिल' गुलो-गुलज़ार होकर महक उठी, जिसका भरपूर आनंद देर रात तक विरासत के सभी मेहमानों, प्रशंसकों ने भरपूर उठाया । स्थानीय गढ़ी कैंट नींबू वाला स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित हुए इस 15 दिवसीय भव्य एवं आकर्षक शाही महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय सांस्कृतिक घरानों से आईं कई नामी तथा विश्व विख्यात हस्तियों ने अपनी-अपनी शानदार,भव्य एवं राग-धुन तथा सुरों से बेहतरीन रूप में सुसज्जित प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं/दर्शकों को न सिर्फ भाव-विभोर किया, बल्कि उनको बहुत अधिक ओत-प्रोत करते हुए उनके हृदयों को जीत भी लिया ङ्घ इसी के साथ विरासत-2026 की भव्य यादें भी विरासत की मुख्य आयोजक 'रिच संस्था' की यादों के पिटारे में सुसज्जित होकर एक और अध्याय विरासत के रूप में संकलित हो गई हैं । आज पंद्रहवें व अंतिम दिन हुई सांस्कृतिक संध्या में सर्वप्रथम पण्डित राजन सजौर के बेहतरीन व भव्य गीत-गायन ने धूम मचाए रखी और श्रोताओं को मग्न मुग्ध भी कर दिया ङ्घ प्रस्तुति की शुरुआत उन्होंने राग देश में ख़याल गायकी से की। इस दौरान उन्होंने दो बंदिशें प्रस्तुत कीं। पहली बंदिश मध्य लय में एकताल और दूसरी द्रुत लय में तीनताल पर आधारित रही। दोनों बंदिशों में राग की भावपूर्ण अभिव्यक्ति और लयकारी का सुंदर मेल देखने को मिला। इस दौरान हारमोनियम पर पंडित धर्मनाथ मिश्रा ने संगत की। उनकी सधी हुई संगत ने राजन सजौर की गायकी को और प्रभावशाली बनाया। कलाकारों के बीच सुरों और ताल का सुंदर सामंजस्य देखने को मिला। शानदार एवं शाही प्रस्तुति की विरासत के मंच पर अपनी बेहतरीन बिसात बिछाने वाले पंडित राजन सजौर गया घराने का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रमुख भारतीय शास्त्रीय गायक और ठुमरी प्रतिपादक हैं।

सिर की खुजली से परेशान हैं? इन 5 प्राकृतिक तरीकों से पाएं राहत



सिर की खुजली एक आम समस्या है, जो कई लोगों को परेशान करती है। यह समस्या सिर में खुजली, जलन और कभी-कभी त्वचा पर लालिमा भी ला सकती है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि रूसी, गंदगी का जमा होना या एलर्जी। इस लेख में हम आपको कुछ प्राकृतिक उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपनी सिर की खुजली का इलाज कर सकते हैं और राहत पा सकते हैं।

नारियल तेल का उपयोग करें

नारियल तेल एक प्राकृतिक नमी देने वाला है, जो आपके सिर को नमी प्रदान करता है और खुजली को कम करता है।

इसे उपयोग करने के लिए थोड़े-से नारियल तेल को हल्का गर्म करें और फिर इसे अपने सिर पर अच्छी तरह लगाएं। 30 मिनट तक मसाज करने के बाद इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दें, फिर सामान्य शैंपू से धो लें। यह प्रक्रिया हफ्ते में 2 बार करें ताकि आपको जल्द राहत मिले।

एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा जेल में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो खुजली वाले सिर को आराम पहुंचाते हैं।

इसके लिए ताजे एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें और इसे अपने सिर पर लगाएं। 15-20 मिनट तक छोड़ने के बाद इसे पानी से धो लें।

यह उपाय आपके सिर की त्वचा को ठंडक देगा और खुजली को कम करेगा। एलोवेरा जेल का नियमित उपयोग आपके सिर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करेगा।

नीम का तेल लगाएं

नीम का तेल कीटाणु नाशक और फंगल संक्रमण को रोकने वाले गुणों से भरपूर होता है, जो रूसी और खुजली का कारण बन सकते हैं।

इसे उपयोग करने के लिए नीम के तेल को नारियल तेल के साथ मिलाकर हल्का गर्म करें, फिर इसे अपने सिर पर लगाएं और मसाज करें। 30 मिनट तक छोड़ने के बाद इसे पानी से धो लें। यह उपाय हफ्ते में 1 बार करें ताकि आपको जल्द राहत मिले।

दही का मास्क लगाएं

दही में ऐसे तत्व होते हैं, जो आपके सिर की त्वचा को पोषण देते हैं और खुजली को कम करते हैं।

इसके लिए थोड़ी दही लें और उसमें नींबू का रस मिलाएं, फिर इसे अपने सिर पर लगाएं और 20 मिनट तक सूखने दें। सूखने के बाद इसे पानी से धो लें। यह उपाय हफ्ते में 2 बार करें ताकि आपको जल्द राहत मिले। दही का नियमित उपयोग आपके सिर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करेगा।

सेब का सिरका लगाएं

सेब का सिरका आपके सिर के संतुलन को बनाए रखता है, जिससे खुजली कम होती है। इसके लिए एक कप पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका मिलाएं, फिर इसे अपने सिर पर स्प्रे करें और हल्का मसाज करें। 5-10 मिनट तक छोड़ने के बाद इसे पानी से धो लें। यह उपाय हफ्ते में 1 बार करें ताकि आपको जल्द राहत मिले। इन सभी उपायों का नियमित उपयोग करके आप अपनी खुजली वाले सिर का इलाज कर सकते हैं।

थकान और तनाव से पाना है छुटकारा तो करें दोलासन, जानें इसके फायदे



नई दिल्ली । आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में योग एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जो न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि मन को भी शांत करती है। योग के इन्हीं आसनों में दोलासन का विशेष महत्व है। दोलासन दो शब्दों से मिलकर बना है, दोल यानी झूलना और आसन यानी मुद्रा। इस आसन को करने के दौरान शरीर झूले के समान आगे-पीछे झूलता है। यह आसन खासतौर पर पेट, पीठ और रीढ़ की हड्डी के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, दोलासन (पेंडुलम या झूलने की मुद्रा) एक गतिशील योगासन है। इसका नियमित अभ्यास थकान, सिरदर्द और मानसिक तनाव को कम करने में सहायक है।

दरअसल, इस आसन को करने के दौरान अभ्यासकर्ता आगे-पीछे की ओर सिर को झुकाता है, जिससे शरीर में रक्त संचार तेज हो जाता है और दिमाग तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बेहतर होती है। इससे सिरदर्द में आराम मिलता है और दिनभर की थकान कम होती है। साथ ही, इस दौरान शरीर की स्ट्रेचिंग होने से मांसपेशियों का तनाव कम होता है और मन शांत होता है, जिससे चिंता और तनाव जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

दोलासन से पेट और कोर की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। इस आसन को करने के दौरान अभ्यासकर्ता के पेट की मांसपेशियों पर खिंचाव और दबाव पड़ता है, जिससे वे सक्रिय होती हैं। इस प्रक्रिया से पेट की चर्बी कम करने में मदद मिलती है और पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। साथ ही, कोर मसल्स मजबूत होने से शरीर का संतुलन और पोस्चर बेहतर होता है, और कमर दर्द की समस्या में भी राहत मिलती है।

जिन्हें गंभीर कमर दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या है, वे इस आसन को न करें क्योंकि इसमें आगे झुकना पड़ता है। हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) या चक्कर आने की समस्या वाले लोगों को यह आसन नहीं करना चाहिए।

आपका राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े छात्रों को आज अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते है। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। लवमेट अपने रिश्ते को लेकर घर पर बात करेंगे। रिश्ता तय हो सकता है। जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए सार्थक रहने वाला है। आज कम्पनी की तरफ से आपको काम के सिलसिले में विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज स्टूडेंट्स की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी, कई दिनों से किसी टॉपिक को समझने में परेशान चल रही थी आज उसे अच्छे से क्लियर कर पायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। जीवनसाथी के साथ आज का दिन मनोरंजक गुजरेगा। आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज सोचा हुआ आपका काम पूरा हो जाएगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। आज बच्चों के भविष्य से जुड़ी कुछ योजनाएं बनेंगी और उन्हें तुरंत लागू करना भी उचित रहेगा। किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर आज यात्रा भी हो सकती है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर आज आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं, इससे आज आप दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बन सकता है। परिवार के सभी सदस्यों के साथ आज अच्छा समय बिताएंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी क्षेत्र में सेवारत व्यक्तियों को आज जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। टेन्ट हाउस और ईवेंट मनेजमेंट का काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, बढ़िया मुनाफा होने वाला है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े छात्रों को आज अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते है। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। लवमेट अपने रिश्ते को लेकर घर पर बात करेंगे। रिश्ता तय हो सकता है। जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

कन्या राशि : आज आप का दिन बेहतर रहेगा। बच्चों द्वारा आज शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा साथ ही पिछले कुछ दिनों से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान निकलेगा जिससे परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। आज खाद्य पदार्थों के व्यापार में चार गुना वृद्धि हो सकती है। आज आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। आज रूक्त्र के स्टूडेंट्स अपने कॉलेज को प्रोजेक्ट पूरा करने में दोस्तों की मदद मिलेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। दोस्तों के साथ आज कहीं बाहर पार्टी करने जा सकते है। इस राशि के बिजनेस मैन को आज अचानक किसी काम का बड़ा आर्डर मिल सकता है। आज व्यवसाय में किसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन से समस्या हल भी हो जाएगी। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अगर आज किसी नये बिजनेस की शुरुआत करने की सोच रहें है तो माता-पिता की राय अवश्य लें निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होने वाला है। आज दोस्त की बर्थडे पार्टी में नए लोग मिलेंगे जो आपके लिए आने वाले समय फायदेमंद साबित होंगे। आज ऑफिस के कार्यों में मन लगेगा बॉस आपके काम से प्रभावित होंगे। यदि आज कहीं बाहर जाना चाह रहें है तो ए.टी.एम. कार्ड साथ ले जाना न भूलें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा अपने स्टडी प्लान में जरूरी बदलाव करेंगे। परिवार के साथ आज रात को बाहर डिनर का प्लान बन सकता है इससे रिश्तों में मधुरता बनेगी।

धनु राशि : आज आप का दिन ताजगी भरा रहेगा। आज की गई मेहनत का सार्थक फल आपको अवश्य मिलेगा। घर में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से कुछ खास मुद्दों पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज आपको ऑफिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारीयां मिल सकती है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात का अवसर मिलेगा जिनसे भविष्य से जुड़ी योजनाओं पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आज आपको सबकी बातें ध्यान से सुननी चाहिए। आज आपको आर्थिक रूप से अधिक लाभ होगा।

मकर राशि : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कलात्मक कार्यों में रुचि रखने वाले लोगों के लिए आज दिन विशेष है आज आपको अपनी योग्यता को निखारने का मौका मिल सकता है। सड़क पर चलते समय आज ट्रैफिक नियमों को ध्यान में रखकर ही रोड-क्रास करें। आज आप अपने दोस्त को प्रसन्न करने के लिए उन्हें चॉकलेट गिफ्ट कर सकते है। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। कुछ कार्यों को लेकर आप उलझन में आ सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी की मदद से आपको राहत मिलेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन करियर को एक बेहतर दिशा देने के लिए अनुकूल रहेगा। कारोबार में आज किसी नए काम को लेकर भ्रमित न हों और उस पर पूरे मन से काम करें निश्चित ही आप सफल होंगे। स्वास्थ्य के मामले में आज बाहर के खाने से परहेज करें। आज किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें। आज आपको कारोबार में अच्छा धन लाभ होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का अच्छा रहने वाला है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास पल लेकर आया है। आज रोजगार में पदोन्नति के अवसर मिलेगा। आज प्रभावशाली लोगों से मेल-मुलाकात होने से आप अपने अंदर भी कुछ बदलाव महसूस करेंगे। बच्चों के भविष्य से जुड़ी कुछ योजनाएं बनेंगी और उन्हें तुरंत लागू करना भी उचित रहेगा ऑफिस में आज आपकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है इसलिए आज आप ऑफिस टाइम पर जाएं।

कैटरीना कैफ का ट्रोल्स को करारा जवाब- कैसी वापसी ?



अंबानी परिवार के गणपति उत्सव में पति विक्की कौशल संग पहुंचीं कैटरीना कैफ को मां बनने के बाद बढ़े वजन के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया था। अब आखिरकार कैटरीना ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। एक इंटरव्यू में ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लोग अक्सर दूसरों की राय में बह जाते हैं। हालांकि, वो इन सब बातों से बेअसर हैं और अपनी जिंदगी के इस खूबसूरत दौर पर ध्यान दे रही हैं।

कैटरीना ने अपने बढ़े हुए वजन पर ट्रोल करने वालों को कहा, हर किसी को पता होता है कि मां बनने के बाद महिला के शरीर में किस तरह के बदलाव आते हैं, इसके बावजूद अगर लोग किसी के शरीर को गलत या कठोर नजरिए से देखना चुनते हैं तो ये उनकी अपनी सोच है। इसे जानकारी की कमी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आज के समय में हर जगह इस बारे में पूरी जानकारी मौजूद है।

कैटरीना अपनी फिटनेस को लेकर पूरी तरह सजग और जागरूक हैं।

उन्होंने कहा, मैं पुरानी स्थिति में लौटने के बजाय जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हूं। मां बनने के बाद जब मैंने अपने बेटे विहान को देखा तो वो पल बेहद खास था। वही पल मुझे एहसास दिलाता है कि मेरेऔर विक्की कौशल के 4 साल के उतार-चढ़ाव भरे सफर का खूबसूरत नतीजा अब मेरे सामने है, इसलिए मैं किसी दबाव के बिना अपनी गति से आगे बढ़ रही हूं।

कैटरीना ने कहा, मैं अच्छी तरह जानती हूं कि मेरा शरीर कब सबसे ज्यादा ऊर्जावान महसूस करता है। मैं अपनी रफ्तार से वहां पहुंचूंगी। महिला के शरीर और उसकी प्राकृतिक बनावट को आज बदसूरती और बीमारी से जोड़कर देखा जा रहा है। महिलाओं के चेहरे के भाव, शरीर की बनावट, स्तनों का आकार और बच्चे को जन्म देने के बाद त्वचा में होने वाले बदलावों जैसी स्वाभाविक चीजों को भी गलत नजरिए से देखा जाता है।

कैटरीना ने 9 दिसंबर, 2021 को अभिनेता विक्की कौशल से राजस्थान के सिक्स सेंसेज फोर्ट बरवाड़ा में शादी की थी। शादी के 4 साल बाद ये जोड़ी 7 नवंबर, 2025 को माता-पिता बनी। उनके घर एक नन्हे बेटे का जन्म हुआ, जिसका नाम उन्होंने विहान रखा है।

कैटरीना और विक्की दोनों ही अपने बेटे के आगमन से बेहद खुश हैं और सोशल मीडिया की परवाह किए बिना अपने परिवार के इस नए खूबसूरत दौर का आनंद ले रहे हैं।

सनी देओल की 'सूर्या' का दमदार टीजर जारी, चिकित्सा व्यवस्था से टकराते नजर आएंगे अभिनेता



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्या' का दमदार टीजर जारी कर दिया गया है। एम. पद्मकुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरपूर है। टीजर में सनी देओल अपने चिर-परिचित गुस्सैल और दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म में वह एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो न्याय की लड़ाई में चिकित्सा व्यवस्था की खामियों को चुनौती देता है। इस संघर्ष के दौरान उसका सामना अपने अतीत, निजी परेशानियों और सच्चाई की तलाश से होता है।

टीजर की शुरुआत सनी देओल के एक प्रभावशाली संवाद से होती है, जिसमें वह कहते हैं, एक इंसान डॉक्टर को भगवान मानता है, उसके हाथों में अपनी जिंदगी सौंप देता है। और अगर वो डॉक्टर विश्वासघात करेगा तो बेचारा क्या करेगा ?

यह संवाद फिल्म की कहानी के मूल विषय को सामने लाता है। कहानी ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो चिकित्सा व्यवस्था में मौजूद खामियों और विश्वासघात के खिलाफ आवाज उठाता है। हालांकि, उसकी यह लड़ाई केवल व्यवस्था से टकराव तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसमें व्यक्तिगत संघर्ष, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और सच्चाई को सामने लाने की जद्दोजहद भी शामिल है।

फिल्म के टीजर में सनी देओल का आक्रामक अंदाज और अन्याय के खिलाफ लड़ने का जज्बा प्रमुखता से दिखाई देता है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के किरदार में वह एक ऐसी व्यवस्था को चुनौती देते नजर आएंगे, जिस पर आम लोग अपनी जिंदगी और भरोसा दोनों सौंपते हैं। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ भावनात्मक पहलुओं को भी महत्व दिया गया है।


'सूर्या' का निर्माण दीपक मुकुट, हेमंत मुकुट और लोकेश मुकुट ने किया है। फिल्म में सनी देओल के साथ प्रज्ञा जायसवाल, रवि किशन और टीनू आनंद भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

एक्शन और रोमांच से भरपूर यह फिल्म 20 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। टीजर जारी होने के बाद दर्शकों की नजर अब फिल्म के अगले प्रचार अभियान और इसके प्रदर्शन पर टिकी है। सनी देओल की दमदार संवाद अदायगी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की कहानी फिल्म के प्रमुख आकर्षण माने जा रहे हैं।

बॉर्डर 2 के बाद एक्शन-थ्रिलर में जुटे अहान शेट्टी

अहान शेट्टी के पास दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए कई सारी परियोजनाएं हैं। इस साल की शुरुआत में उन्हें सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 में देखा गया था। हाल ही में उनकी हॉरर फिल्म 1920: कोल्ड विंटर का ऐलान हुआ था। यह विक्रम भट्ट की मशहूर फ्रेंचाइजी का हिस्सा है। ताजा अपडेट है कि अहान अपनी एक और एक्शन-थ्रिलर सनकी की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसके लिए भोपाल का चुनाव किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बॉर्डर 2 की सफलता के बाद अहान के लिए सनकी अगली बड़ी स्क्रीन आउटिंग है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी टीनू सुरेश देसाई ने उठाई है जो पहले अक्षय कुमार के साथ रुस्तम और मिशन रानीगंज में काम कर चुके हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा बताई जा रही है, जिसके प्लॉट और आगे की कास्टिंग को अभी गुप्त रखा जा रहा है। हालांकि, भोपाल में सुनियोजित किए गए शेड्यूल से शुरुआत होने की उम्मीद है।

गैंगस्टर के अवतार में नजर आएंगे नानी, नई फिल्म 'ब्लडी रोमियो' का वीडियो जारी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता नानी अपनी अगली फिल्म 'ब्लडी रोमियो' में एक नए और दमदार अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन सुजीत कर रहे हैं, जो अपने किरदारों को आकर्षक और स्टाइलिश अंदाज में पर्दे पर पेश करने के लिए जाने जाते हैं। निर्माताओं ने फिल्म में नानी के रूपांतरण को दिखाने वाला एक वीडियो जारी किया है, जिसके बाद उनके नए किरदार को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। नानी ने हाल ही में अपनी एक्शन प्रधान फिल्म में बेरहम और क्रूर किरदार 'जडल' के रूप में दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब वह 'ब्लडी रोमियो' के जरिए एक बार फिर एक्शन से भरपूर भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह एक गैंगस्टर का किरदार निभाने वाले हैं। जारी वीडियो में नानी का बदला हुआ रूप देखने को मिलता है, जिसमें वह स्टाइलिश और आकर्षक अंदाज में नजर आ रहे हैं। 'ब्लडी रोमियो' को केवल मारधाड़ तक सीमित नहीं रखा गया है। फिल्म में मनोरंजन और रोमांस के तत्व भी शामिल किए गए हैं। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन फिल्म में मुख्य महिला किरदार निभाएंगी। हालांकि, उनके किरदार से जुड़ी विस्तृत जानकारी का अभी इंतजार है।

फिल्म को नानी के नए रूप और सुजीत की विशिष्ट निर्देशन शैली के मेल के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में दर्शकों को एक्शन, रोमांच और रोमांस से भरपूर कहानी देखने की उम्मीद है। 'ब्लडी रोमियो' का निर्माण निहारिका एंटरटेनमेंट के अंतर्गत वेंकट बोयनपल्ली और यूनानिमस प्रोडक्शंस मिलकर कर रहे हैं। फिल्म को एक से अधिक भाषाओं में तैयार किया जा रहा है, ताकि इसे व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाया जा सके।फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। चर्चा है कि इसके कुछ हिस्सों का फिल्मांकन लंदन में किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नानी ने इस परियोजना के लिए अपनी तारीखें भी तय कर ली हैं।

फिलहाल फिल्म की कहानी, अन्य कलाकारों और प्रदर्शन की तारीख से जुड़ी आधिकारिक जानकारी सामने आने का इंतजार है। नानी के नए गैंगस्टर अवतार और सुजीत के निर्देशन को लेकर फिल्म प्रेमियों के बीच उत्सुकता बनी हुई है।

उड़ता तीर से नया गाना जय हिंदी हुआ जारी, देशभक्ति के रंग में डूबे दिखे आयुष्मान-सारा

आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म उड़ता तीर सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित यह एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो आयुष्मान के पाकिस्तानी जासूस होने से लेकर उनके अंदर जगे भारत प्रेम की कहानी को दिखाती है। इसी कड़ी में निर्माताओं ने फिल्म में मौजूद गाना जय हिंदी जारी कर दिया है। देशभक्ति और जुनून से लबरेज इसका संगीत और धुन सुनने वालों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करता है।

जय हिंदी गाने को सिद्धार्थ महादेवन, शिवम महादेवन और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर अपनी दमदार आवाज से सजाया है और इसका संगीत सचिन-जिगर ने मिलकर तैयार किया है।

गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए हैं। यह सोनी म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर मौजूद है, जहां इसे लोगों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं हासिल हो रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड फिल्म पुरस्कारों को दी मंजूरी

देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति-2024 के अंतर्गत वर्ष 2024 एवं 2025 के लिए चयनित फिल्मों एवं कलाकारों को उत्तराखण्ड फिल्म पुरस्कार प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत उत्तराखण्डी सिनेमा और फिल्म जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों, निर्देशकों, निर्माताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के अनुसार, वर्ष 2024 के लिए प्रसिद्ध लोकगायक एवं गढ़वाली संस्कृति के संवाहक नरेन्द्र सिंह नेगी को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं, वर्ष 2025 के लिए प्रसिद्ध अभिनेता हेमंत पाण्डेय को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया है। दोनों विभूतियों को 2-2 लाख की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।



वर्ष 2024 के लिए उत्तराखंड बोली की फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार गढ़वाली फिल्म 'घपरोल' के निर्माता अजय ढौंडियाल को दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक एवं पटकथा लेखक का पुरस्कार घपरोल के लिए सिद्धार्थ शर्मा, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार कारा एक प्रथा के लिए रमेश रावत, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार कारा एक प्रथा के लिए सुश्री शिवानी भंडारी, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार कारा एक प्रथा के लिए अजय सिंह बिष्ट, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जौनसारी फिल्म मेरे गांव की बाट के लिए मधुबाला, सर्वश्रेष्ठ गायक का पुरस्कार मेरे गांव की बाट के लिए अजब सिंह तथा सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफर का पुरस्कार घपरोल के लिए विनय चानना को प्रदान किया जाएगा।

वर्ष 2025 के लिए हिंदी फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 'मनु क्या करेगा' के निर्माता शरद मेहरा को प्रदान किया जाएगा। जबकि 'केसरी चैप्टर-2' को विभिन्न प्रमुख श्रेणियों में सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक करण सिंह त्यागी, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता अक्षय कुमार, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सुश्री अनन्या पाण्डेय, सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखक करण सिंह त्यागी एवं अमृत पाल, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता आर. माधवन तथा सर्वश्रेष्ठ गायक जुबिन नौटियाल चयनित किए गए हैं।

वर्ष 2025 की उत्तराखण्डी बोली की फिल्मों में गढ़वाली फिल्म 'रैबार' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके निर्माता भगत सिंह सैनी, निर्देशक सुशील उनियाल, पटकथा लेखक भगत सिंह सैनी, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता राजेश नौगाई, सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफर धर्मेन्द्र सिंह सिसोदिया को अलग -अलग श्रेणी में चयनित किया गया है। वहीं, गढ़वाली फिल्म 'द्वि होला जब साथ' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मनीष डिमरी एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सुश्री कल्याणी गंगोला और सर्वश्रेष्ठ गायक विकास भारद्वाज चयनित किए गए हैं । उत्तराखण्ड सरकार राज्य में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने, स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने तथा प्रदेश की समृद्ध लोकसंस्कृति, भाषा, परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखण्ड की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है और यहां की क्षेत्रीय फिल्मों एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देने से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे।

पुरस्कार राशि का विवरण

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए 2 लाख, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए 1.50 लाख तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, पटकथा लेखक, सहायक अभिनेता-अभिनेत्री, गायक एवं सिनेमेटोग्राफर के लिए 1-1 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित है। साथ ही निर्माता- निर्देशक को स्वर्ण ब्रह्मकमल ओर प्रशस्ति पत्र जबकि अन्य कलाकारों और तकनीशियनों को रजत ब्रह्मकमल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कारों का चयन निर्णायक मंडल की संस्तुति के अनुसार किया गया है।

हाथीबड़कला बाजार में मंत्री गणेश जोशी ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों को मिष्ठान वितरित कर दीपावली दी शुभकामनाएं



देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज न्यू कैंट रोड़ स्थित हाथीबड़कला बाजार में व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और स्थानीय लोगों को मिष्ठान वितरित कर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, निराशा से आशा की ओर तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सामाजिक एकता, आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर होते हैं। कैबिनेट मंत्री ने सभी प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आए। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से आत्मीय संवाद भी किया और सभी को मिल-जुलकर हर्षोल्लास एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत पार्षद भूपेंद्र कठेत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

उत्तराखण्ड पुलिस को राष्ट्रपति निशान मिलना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण : अमित शाह



देहरादून,06 नवम्बर(नि०स०)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन, देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड पुलिस के राष्ट्रपति पुलिस निशान अलंकरण समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस परेड का निरीक्षण किया तथा उत्तराखण्ड पुलिस को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस निशान से अलंकृत किया। राज्य पुलिस बल की 25 वर्षों की सेवा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में प्रदान किया गया यह निशान उत्तराखण्ड पुलिस के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उत्तराखण्ड यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने वाला देश का 16वां राज्य बन गया है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक नारायण सिंह नपलच्याल एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव तथा सराहनीय सेवा के लिए पदक से पुलिस अधीक्षक जगदीश चन्द्र, सहायक सेनानायक प्रतिमा भट्ट एवं सेवानिवृत्त उप निरीक्षक अभिसूचना सौहकार पुण्डीर को सम्मानित किया। केंद्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड पुलिस के विशेष डाक आवरण एवं पुलिस पत्रिका का विमोचन भी किया।

उत्तराखण्ड पुलिस ने सेवा और समर्पण से बनाई विशिष्ट पहचान : केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखण्ड पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस निशान प्राप्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदेश के प्रत्येक पुलिस अधिकारी और जवान के लिए गौरव का क्षण है। उत्तराखण्ड पुलिस ने अपने सेवा भाव, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपनी प्राकृतिक सुंदरता, आध्यात्मिक महत्व और धार्मिक स्थलों के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा तथा चारधाम यात्रा और कुंभ जैसे बड़े आयोजनों की व्यवस्थाओं का सफल संचालन उत्तराखण्ड पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन पुलिस के जवान पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस ने तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पुलिस व्यवस्था में आधुनिक तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और डिजिटल प्रणाली को अपनाने से जांच एवं न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि मई 2027 के बाद दर्ज होने वाली एफआईआर के मामलों में तीन वर्ष के भीतर दोषियों को सजा दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पुलिस, न्यायालय, अभियोजन और अन्य संबंधित व्यवस्थाओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे आम जनता को समयबद्ध न्याय मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

विशाल पदयात्रा निकाल, भाजपा ने नकारात्मक एवं अराजक राजनीति को दिया कड़ा संदेश!

देहरादून,06 नवम्बर (नि०स०)। भाजपा ने देहरादून में विशाल 'लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकालकर नकारात्मक एवं अराजक राजनीति करने वालों को जनता का स्पष्ट संदेश दिया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सह प्रभारियों के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में पार्टी की तरफ से स्पष्ट किया गया कि भाजपा सड़कों और संघर्षों से खिली, जनता की पार्टी है, उसे सत्ता गलियारों में पली कोई पार्टी सदन और सड़क में यूं ही चुनौती नहीं दे सकती है। प्रदेश में सम्पन्न सभी पदयात्राओं में उमड़ा हुजूम, 27 में तीसरी बार भाजपा सरकार की गारंटी दे रहा है। सर्वे चौक के पास मंगलादेवी इंटर कॉलेज से निकली इस पदयात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट और प्रदेश सह प्रभारी श्री अरविंद मेनन एवं सुश्री बांसुरी स्वराज द्वारा किया गया। जिसमें सरकार के कैबिनेट श्री गणेश जोशी, श्री सुबोध उनियाल, श्री खजान दास, श्री सतपाल महाराज, श्री भरत चौधरी, श्री सौरभ बहुगुणा, श्री प्रदीप बत्रा, प्रदेश महामंत्री श्रीमती दीप्ति रावत, देहरादून महानगर अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ अग्रवाल, श्रीमती नेहा जोशी आदि बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर लोकतंत्र को मजबूत करने वाले नारे लगाए। साथ ही नकारात्मक एवं अराजक राजनीति करने वालों की पोल खोलते हुए जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने कहा कि आज देश और प्रदेश विकास की नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, क्योंकि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर भरोसा जताया हुआ है। लेकिन कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियां, जो लगातार जनता द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से नकारी जा रही हैं वह हताश और निराश होकर पूरी संवैधानिक प्रक्रिया को ही ध्वस्त करने में जुट गई है। विदेशी षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर वह देश के हालात है बांग्लादेश नेपाल और फ्रांस जैसे बनाना चाहते हैं। विगत कुछ महीनो से जिस तरह कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों



द्वारा सड़कों पर टकराव की राजनीति कर अराजकता फैलाने का प्रयास किया गया, वह बेहद निंदनीय है। उनके नेता राहुल गांधी, जो प्रधानमंत्री मोदी को बहस की चुनौती तो देते हैं, लेकिन वे भाजपा के किसी सामान्य कार्यकर्ता के साथ भी चर्चा करने की काबिलियत तक नहीं रखते हैं। उन्होंने आईना दिखाया कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष सड़क की अराजक राजनीति से देश का रिजिम बदलने की धमकी देते हैं, तो शायद वह कहीं ना कहीं भूल जाते हैं कि भाजपा सड़कों पर जनसंघर्ष करते हुए ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। हमारे कार्यकर्ता और नेता दिल्ली सत्ता के गलियारों में चक्कर लगाकर यूं ही नहीं बड़े हुए हैं।

सम्पादन मण्डल

समाचार सम्पादक: डॉ. वी.डी. शर्मा
संवाददाता: रजत शर्मा
संरक्षक सलाहकार: डा. अश्विनी काम्बोज
कानूनी सलाहकार: यशस्वी शर्मा (एड.)
अश्वनी मुद्गल (एड.)

देवपथ

हिन्दी सांध्य संस्करण

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमती सुषमा शर्मा के लिए अभिप्रेरणा प्रिंटर्स, बंजारावाला (कारगी), देहरादून (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं बंजारावाला (कारगी), देहरादून (उत्तराखण्ड) प्रकाशित।

सम्पादक : रामेश्वर दत्त शर्मा

नोट:- मुद्रित सामग्री के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है। वाद-विवाद का क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा।

मोबाईल: 9358129177, 9557316580